Name of the event- **एक दिवसीय ऑनलाइन मल्टीमीडिया कार्यशाला का आयोजन**

Organized by- हिंदी पत्रकारिता विभाग
date – 22 अप्रैल 2021
No. of participant - 116
report of the event

एक दिवसीय ऑनलाइन मल्टीमीडिया कार्यशाला का आयोजन

श्री गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय के हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता विभाग के द्वारा 22 अप्रैल 2021 को एक दिवसीय 'ऑनलाइन मल्टीमीडिया कार्यशाला' का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला को दो सत्रों में संपन्न किया गया। प्रथम सत्र प्रातः 11 से दोपहर 1 बजे तक एवं दूसरा सत्र दोपहर 2 से सांय 4 बजे तक रहा। इस मौके पर दोनों सत्रों की मुख्य वक्ता के रूप में डिजिटल कंटेंट क्रिएटर एवं ट्रेनर तथा दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एवं कालिंदी कॉलेज की सहायक प्राध्यापिका गीता मिश्रा मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पत्रकारिता विभाग के सहायक प्राध्यापक महेंद्र प्रताप सिंह ने करोना जैसी विकट स्थिति में ऑनलाइन पद्धति की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए गीता मिश्रा का स्वागत किया और कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को उनका परिचय दिया। तत्पश्चात कार्यक्रम की वक्ता गीता मिश्रा ने श्री गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय को धन्यवाद देते हुए ऑनलाइन कार्यशाला को प्रारंभ किया। पहले सत्र में वीडियो एडिटिंग के हर एक पहलू से प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए, गीता मिश्रा ने सॉफ्टवेयर प्रीमियर प्रो के द्वारा वीडियो एडिटिंग से जुड़ी हर छोटी से बड़ी जानकारी विद्यार्थियों को दी और साथ ही प्रत्यक्ष रूप से प्रतिभागियों को विडियो को एडिट करके भी दिखाया गया। साथ ही कार्यशाला के दौरान समय-समय पर छात्र-छात्राओं द्वारा पूछे जाने वाले प्रश्नों का उत्तर देते हुए गीता मिश्रा ने वीडियो एडिटिंग कार्यशाला का समापन किया और कुछ समय के अंतराल में दूसरे सत्र को भी संबोधित किया। दूसरे सत्र में उन्होंने ऑडियो व इमेज एडिटिंग के बारे में बताया। इमेज एडिटिंग एवं ऑडियो एडिटिंग के लिए किन सॉफ्टवेयर या ऐप्स का उपयोग करना चाहिए, किन बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, सॉफ्टवेयर का प्रयोग किस प्रकार करना है, इत्यादि। गीता मिश्रा ने लगभग सभी चीजों की विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों के साथ साझा की। वहीं दूसरे सत्र के अंत में उन्होंने विद्यार्थियों के मन में विषय से संबंधित उठ रही अनेक प्रकार की जिज्ञासाओं को शांत किया। साथ ही उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन पर आयोजन समिति का धन्यवाद भी किया। तत्पश्चात महाविद्यालय की हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता विभाग की प्रभारी डॉ. दीपमाला ने मुख्य वक्ता गीता मिश्रा जी का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का अवसान किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक मौजूद रहे।